**कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009**

OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS

No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

**दूरभाष/TELE: 040-27843385** **फैक्स/FAX:040-27817275**


सं. हि0अ0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 17.10.2018

विषय : 09/2018 को समाप्त तिमाही की राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*********

इस कार्यालय की 09/2018 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 27.09.2018 को प्रातः 11.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री टी. रामबाबू, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री टी. रामबाबू, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री बी. शिव शंकर, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा उप नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री टी. राममूर्ति | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 4. | श्रीमती टी. वत्सला | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्या |
| 5. | श्री एस. मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री जे. अंजन कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्रीमती बी. शैलजा राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्या |
| 8. | श्री एल. पद्मपाणि | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री के. राम नारायण चारी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**<u>मद सं.1</u> - <u>दिनांक 21.06.2018 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :</u>**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 21.06.2018 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 21.06.2018 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **हिंदी कार्यशाला का आयोजन :** समिति को सूचित किया गया कि वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे) ई.एम.ई., सिकंदराबाद में दिनांक 06.08.2018 से 10.08.2018 तक की अवधि के दौरान 05 दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

2. **ट्यूलिप परियोजना में रिजेक्शन मेमो को द्विभाषी जारी किया जाना :** समिति को सूचित किया गया कि आई.टी.एस.डी.सी से बार-बार संपर्क किया गया है और लिखित अनुस्मारक के बावजूद अभी भी आई.टी.एस.डी.सी द्वारा कार्रवाई प्रतीक्षित है । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि पुनः एक अनुस्मारक भेजा जाए और वे स्वयं भी आई.टी.एस.डी.सी. के नियंत्रक महोदय से बात करेंगे ।

3. **हिंदी पत्रिकाओं के लिए पुस्तकालय की व्यवस्था** : पिछली बैठकों में यह सुझाव दिया गया कि हिंदी, अंग्रेजी और तेलुगु पुस्तकों को कर्मचारियों के पढ़ने के लिए एक पुस्तकालय की व्यवस्था कर डी.ए.आर.सी को इसकी जिम्मेदारी दी जाए । इस पर कार्रवाई की जानी शेष है । व.ले.अ. (प्रशा) ने सूचित किया कि इस समय रिहायशी आवास में एक पुस्तकालय की स्थापना पर कार्रवाई की जा रही है । मुख्य कार्यालय में जिस स्थान की पहचान पुस्तकालय की स्थापना के लिए की गई है वहाँ पर कुछ मरम्मत कार्य की आवश्यकता है और इस कार्य के लिए एम.ई.एस. प्राधिकारियों से चर्चा हो रही है ।

4. **निरीक्षण:** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2018-19 के दौरान र.ले.नि. महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार नौ स्थानीय उप-कार्यालयों और मुख्य कार्यालय के सात अनुभागों का राजभाषा निरीक्षण किया जाएगा । इस तिमाही में तीन अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया गया । अगली तिमाही में अन्य 06 उप-कार्यालयों के निरीक्षण का प्रस्ताव है ।

**मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 03/2018 तथा 06/2018 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

इस संगठन की पिछली दो तिमाहियों 03/2018 तथा 06/2018 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

1. धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 03/2018 | 266 | 266 | शून्य |
| 06/2018 | 350 | 350 | शून्य |

2. हिंदी पत्राचार की स्थिति :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 03/2018 | 19554 | 4330 | 81.87% |
| 06/2018 | 17802 | 4116 | 81.23% |

**<u>मद सं. 3 - रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u>** - समिति को अवगत कराया गया कि पिछली तिमाही में महानियंत्रक कार्यालय से 03 पत्र प्राप्त हुए हैं जो हिंदी दिवस/पखवाड़े के आयोजन के संबंध में है और उनपर कार्रवाई की जा चुकी है । इसके अतिरिक्त एक पत्र महानियंत्रक कार्यालय में आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक के कार्यवृत्त से संबंधित है जिसमें इस कार्यालय के लिए कोई विशेष अनुदेश नहीं है ।

**<u>मद सं. 4 - हिंदी पखवाड़े के आयोजन पर चर्चा</u>** - समिति को सूचित किया गया कि कुल चार कार्यालयों यथा मुख्य कार्यालय, व.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई., व.ले.का. (अ.श्रे) से.आ.कोर, सिकंदराबाद और क्षे.ले.का. (थलसेना), विशाखापट्टणम में हिंदी पखवाड़े का आयोजन 01 सितंबर, 2018 से 15 सितंबर, 2018 तक किया गया जिसके दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं राजभाषा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए । इसके अतिरिक्त चल वैजयंती और हिंदी प्रोत्साहन योजना के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया ।

**<u>मद सं. 5 - वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u>** - समिति के समक्ष वार्षिक कार्यक्रम 2018-19 के प्रत्येक मद हेतु निर्धारित लक्ष्य को रखा गया और संगठन द्वारा प्राप्त लक्ष्यों पर चर्चा की गई । समिति को सूचित किया गया इस संगठन में सेवारत चार लिपिकों को हिंदी टंकण प्रशिक्षण में नामित किया गया जिनमें से तीन प्रतिभागी अंतिम परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं ।

**<u>मद सं. 6 - संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा</u>** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी अधिकारी | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | 01 | 02 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**<u>मद सं. 7 - अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई विषय/सुझाव</u>** :

चर्चा के लिए और कोई विषय न होने के कारण धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)